एकता परिषद और MJVS का राहत अभियान

एकता परिषद और मानव जीवन विकास समिति की ओर से कटनी और दमोह जिले में राहत अभियान

विश्व भर में कोरोना वाइरस का आतंक छाया हुआ है। भारत में भी परिस्थितियाँ बहुत गंभीर हो चुकी हैं। इसी के चलते भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 24 मार्च से अगले 21 दिनों के लिए लॉक डाउन कर दिया गया, जिसके चलते यातायात के सारे सार्वजनिक और निजी साधनों पर भी रोक लगा दी गयी। मजदूरों का एक बड़ा तबका जिनके पास शहर में रहने के लिए कोई जगह नहीं हैं। वे अपने-अपने गांवों में पलायन करने पर मजबूर हो गए।

हजारों लोग सैकड़ों किलोमीटर पैदल ही चल दिये हैं। महिला, पुरुष, वृद्ध और बच्चे सब चले जा रहें हैं। अपना सामान अपने कंधों पे लादकर। इनके पास न अभी विश्राम करने के लिए जगह है। और न ही खाने के लिए कुछ भी। ऐसे में बहुत से लोग आगे आ रहें हैं इनकी मदद के लिए। एकता परिषद और MJVS की टीम कटनी जिले में लगातार सेवा कार्यों में जुटी हुई है।

मास्क निर्माण और वितरण :

कोरोना वायरस से बचने का एक असरदार तरीका मास्क का उपयोग करना है। शहरों में तो मास्क आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन गाँव में रहने वाले और मजदूर तबके के लिए मास्क खरीदना एक चुनौती है। मास्क की बढ़ती मांग के चलते बाज़ार में भी मास्क की भारी कमी हो चुकी है। इन्हीं सबको ध्यान में रखते हुए एकता परिषद और मानव जीवन विकास समिति (MJVS) कटनी के द्वारा जिले के कुछ गांवों में दिनांक 27-3-2020 से शुरू कर 5-4-2020 तक लगभग 1000 से भी ज्यादा मास्क बनाए गए, और जरूरत मंदों को वितरित किए गए। सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा घर में रहने की अपील की गयी, और अपनी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को प्रेरित भी किया गया।

खधान्न सामग्री (फूड पैकेट) वितरण :

पलायन करने वाले ये लोग लंबा सफर तय करते हुए आ रहें हैं। लॉक डाउन की वजह से दुकाने भी बंद है, साथ ही आर्थिक तंगी भी। कुछ मजदूर तो कानपुरसे कटनी की ओर चले आ रहें हैं। और कई- कई हफ्तों से अपना सामान लादे चल रहें हैं। ऐसे में इन्हें दो वक़्त के खाने की भी कोई सुविधा मौजूद नहीं है। एकता परिषद और MJVS के माध्यम से सब्जी-पूरी के 70 पैकेट इन लोगों को मुहैया करवाया गया। बड़वारा, माझगवां, बदरी, बिजौरी, जुहला बायपास, नन्हवारा कलां रोड से गुजरने वाले लोगों को विश्राम के लिए आश्रय और फूड पैकेट उपलब्ध करवाए गए।साथ ही राशन के पैकेट भी बनाकर दिये गए ताकि आगे आने वाले 10-15 दिनों के लिए इन्हें किसी प्रकार की मुश्किल न हो।

शुक्रवार 3 अप्रैल 2020 9

जरूरतमंदों को नि:शुल्क बांटे गये मास्क व एक टाईम का भोजन

कटनी/ब्यूरो।

स्वयंसेवी संस्था मानव जीवन
कास समिति के सचिव निर्भय
ह के प्रयास से जरूरतमंदों को
शुल्क बांटे गये मास्क व एक
म का भोजन। जिसे देख
गीरों ने इस काम को सराहा।
से प्रथम बड़वारा सामुदायिक
स्थ केंद्र पहुंचकर इस काम मे
योग करने वालों की कोरोना
धित जांच कराई गई और
स्थ होने का प्रमाण साथ रखा।
स्वास्थ केंद्र मे भी संस्था द्वारा
मास्क डॉक्टर व टीम को
य किया गया साथ ही वहां पर
ा मास्क के आये 10 लोगों को
क भी दिया गया। और 20
क डॉक्टर को दिये गये जिससे
ने वाले मरीजों को मास्क दिया
येगा। तत्पश्चात थाना बड़वारा मे
पहुंचकर थाने टीम से मिला
गया उन्हें भी संस्था के बारे मे
बताया गया की हम अपने खर्चे से
जरूरतमंदों को मास्क व एक टाईम
का भोजन उपलब्ध कराने प्रयास
कर रहे हैए इसी तारतम्य मे थाने
टीम को भी मास्क पहनाया गया
और बताया गया की यह काम हम
लगातार लॉकडाउन खुलने तक
करेंगे।

इस काम हेतु सामग्री लाने ले
जाने हेतु एक पिकअप गाड़ी क
परमिट भी थाने से दिया गय
जिससे संस्था अपने काम क
सहजता से कर सके। यह क
संस्था द्वारा अभी तक लगभ
1600 मास्क जरूरतमंदों को बां
गये। इस काम मे सहयोग कर रहे
दयाशंकर यादव व टीम के साथी

जय जगत 2020 यात्रा से आए पदयात्रियों का क्वारंटाइन सेंटर :

कोरोना वाइरस का प्रकोप जय जगत यात्रा पर भी छाया। ज्ञात है की जय जगत 2020 एक वैश्विक स्तर की शांति यात्रा है, जिसमें विश्व भर के कुल 50 यात्री शामिल हैं। 2 अक्टूबर 2019 को दिल्ली राजघाट से शुरू हुई इस यात्रा को सितंबर 2020 में 11 देशों से पैदल चलते हुए जेनेवा स्विट्ज़रलैंड पहुँचना था। लेकिन कोरोना के प्रभाव के कारण इन यात्रीयों को आर्मेनिया देश से वापस भारत लौटना पड़ा। और कुछ समय के लिए यात्रा को रोकना पड़ा। यात्रा के 7 पदयात्री अपने 14 दिनों का क्वारंटाइन पीरियड यहीं MJVS कैम्पस में प्रकृति के समीप रहकर पूरा कर चुके हैं। और अब ये सभी यात्री भी समाज सेवी कार्यों में MJVS और एकता परिषद का भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

मानव जीवन विकास समिति की अनुकरणीय पहल

कटनी, देशबन्धु। स्वयंसेवी संस्था मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के प्रयास से जरूरतमंदों को मास्क व एक टाईम का भोजन नि:शुल्क बांटे गये। जिसे देख राहगीरों ने इस काम को सराहा। सबसे प्रथम बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचकर इस काम मे सहयोग करने वालों की कोरोना संबंधित जांच कराई गई और स्वस्थ होने का प्रमाण साथ रखा।

स्वास्थ केंद्र मे भी संस्था द्वारा बने मास्क डॉक्टर व टीम को प्रदाय किया गया। साथ ही वहां पर बिना मास्क के आये 10 लोगों को मास्क भी दिया गया और 20 मास्क डॉक्टर को दिये गये जिससे आने वाले मरीजों को मास्क दिया जायेगा।

तत्पश्चात थाना बड़वारा मे भी पहुंचकर थाने टीम से मिला गया। उन्हें भी संस्था के बारे में बताया गया कि हम अपने खर्चे से जरूरतमंदों को मास्क व एक टाईम का भोजन उपलब्ध कराने प्रयास कर रहे है।

इसी तारतम्य मे थाने टीम को भी मास्क पहनाया गया और बताया गया कि यह काम हम लगातार लॉकडाउन खुलने तक करेंगे। इस काम हेतु सामग्री लाने ले जाने हेतु एक पिकअप गाड़ी का परमिट भी थाने से दिया गया। जिससे संस्था अपने काम को सहजता से कर सके। यह की संस्था द्वारा अभी तक लगभग 1000 मास्क जरूरतमंदों को बांटे गये। इस काम मे सहयोग कर रहे दयाशंकर यादव व टीम के साथी।

सांध्य दैनिक

हमकदम

मानव जीवन समिति दे रही मास्क और भोजन

कटनी(हमकइदम)। स्वयंसेवी संस्था मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के प्रयास से जरूरतमंदों को नि:शुल्क मास्क व एक टाईम का भोजन दिया गया।जिसे देख राहगीरों ने इस काम को सराहा। सबसे प्रथम बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचकर इस काम मे सहयोग करने वालों की कोरोना संबंधित जांच कराई गई और स्वस्थ होने का प्रमाण साथ रखा। स्वास्थ केंद्र मे भी संस्था द्वारा बने मास्क डॉक्टर व टीम को प्रदाय किया गया। साथ ही वहां पर बिना मास्क के आये 10 लोगों को मास्क भी दिया गया। और 20 मास्क डॉक्टर को दिये गये जिससे आने वाले मरीजों को मास्क दिया जायेगा। तत्पश्चात थाना बड़वारा मे भी पहुंचकर थाना टीम से मिला गया। उन्हें भी संस्था के बारे मे बताया गया की हम अपने खर्चे से जरूरतमंदों को मास्क व एक टाईम का भोजन उपलब्ध कराने प्रयास कर रहे हैं। इस काम हेतु सामग्री लाने ले जाने हेतु एक पिकअप गाड़ी का परमिट भी थाने से दिया गया। जिससे संस्था अपने काम को सहजता से कर सके। संस्था द्वारा अभी तक लगभग 1600 मास्क जरूरतमंदों को बांटे गये। इस काम मे दयाशंकर यादव व टीम के साथी सहयोग दे रहे हैं।

दमोह जिले में जागरूकता अभियान :

MJVS के दमोह जिले के ब्लॉक कोर्डिनेटर घनश्याम प्रसाद एवं नरेश खटीक और उनके साथियों द्वारा कोरोना वाइरस से बचने के लिए 13 गांवों में विभिन्न मोहल्लों में जाकर के जागरूकता फैलाई गई। पटेरिया माल, मुरारी, गोहता, झालों बगदारी और अन्य गांवों में लगभग 1400 मास्क वितरित किए गए। इन गांवों में अधिकतर गोंड आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। वंचित तबके के इन समुदाय में कोरोना को लेकर जागरूकता फैलाने में विशेष ध्यान दिया गया। साफ- सफाई के गुर भी सिखाए गए। आपस में दूरी की जरूरत को भी समझाया गया।

नोहटा में ग्रामीणों को किया जागरूक

कोरोना वायरस को लेकर आमजन को अब जागरूक कर उन्हें सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, सहकारी समिति, एकता परिषद समन्वयक घनश्याम प्रसाद ने बताया कि कोरोना वायरस से बचाव आपकी जागरूकता है। अपने परिवार के साथ घर में रहें बाहर कोई न निकले शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार शासन का साथ दें। जब बहुत जरूरी कार्य हो तभी अपने घर से बाहर निकलें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से हमेशा दूरी बनाकर रहे। ग्राम में महेंद्र नामदेव द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था की गई जिसमें सभी को सोशल डिस्टेंस बनाकर खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

दैनिक भास्कर | 27-Mar-2020 दमोह Page 4

विमला ने स्वयं ही मास्क बनाकर 50 से अधिक लोगों को निशुल्क बांटे

बनवार | लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने एवं मास्क की कमी को देखते हुए नोहटा नगर की एक महिला ने स्वयं ही अपने घर में मास्क तैयार किए हैं। साथ ही 50 लोगों को निशुल्क मास्क वितरित कर चुकी हैं। लोगों को वायरस के संक्रमण के खतरे से बचाने एवं घरों में रहने के लिए जागरूक भी कर रहीं हैं। नोहटा निवासी विमला नामदेव ने बताया कि लॉक डाउन से पहले स्वसहायता की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए कार्य करती थी। अब लॉकडाउन के चलते घर में फ्री बैठने से अच्छा है कि फुरसत के पलों में वह भी अपने देश पर आई विपत्ति पर कुछ हद तक मदद कर सके। इसी भावना को लेकर उन्होंने अपने घर में रखी सिंचाई मशीन से मास्क तैयार कर रहीं हैं।

जिला दमोह संपर्क -

घनश्याम प्रसाद - +919753136762

नरेश खटीक - +916265430645

आगामी कार्यक्रम :

MJVS और एकता परिषद के आगामी राहत कार्यों के तहत दमोह जिले के तेंदुखेड़ा विकास खंड के 60 गांवों के लगभग 750 परिवारों को खाद्य सामाग्री वितरित करने की योजना है। BRLF (भारत रुरल लाइवलीहूड फाउंडेशन) के सहयोग से इस कार्य को अप्रैल माह के अंत तक संपपन्न करने का लक्ष्य है। साथ ही महकौशल और बघेलघंड के क्षेत्रों में भी अन्य संस्थाओं एवं जन भागीदारी से खाधान्न के भरपूर सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। MJVS के कैम्पस को भी सरकार द्वारा यथासंभव उपयोग किया जा सकता है इसका आश्वाशन संस्था के सचिव श्री निर्भय सिंह ने दिया।

आपका सहयोग :

आप भी उपरोक्त सभी कार्यों में अपना योगदान दे सकते हैं। आर्थिक सहयोग के अलावा अन्य चीज़ें जैसे अपने अपने स्तर पर अपने आस पास के लोगों को इस महामारी के बारे में जागरूक करें। खासकर बच्चों और वृद्धजनो की सेहत का ध्यान रखें। अफ़वाहें फैलाने से बचें। अपने आस पास सकारात्मक माहौल बनाएँ रखें।

अधिक जानकारी के लिए इन नंबरों पर आप संपर्क कर सकते है :

राम किशोर चौधरी - +918085542802
अभय कुमार- +919755200648
ई मेल - mjvskatni@gmail.com

बैंक अकाउंट की जानकारी -
बैंक का नाम – पंजाब नेशनल बैंक
अकाउंट का नाम - 'मानव जीवन विकास समिति'
अकाउंट नंबर- 05771010001650
आई एफ एस सी कोड - ORBC0100577
(धारा 80-G और 12 (A) के तहत आप टैक्स में छूट भी पा सकते हैं)

हमारी ओर से

प्रिय साथियों,
कोविड – 19 कोरोना, यह एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। इस महामारी का सीधा और गहरा प्रभाव समाज के हर तबके के लोगों पर पड़ रहा है ऐसे गरीब माध्यम परिवारों पर ज्यादा ही प्रभाव है। जो दिनभर की मजदूरी करके या दूसरे स्त्रोतों से कमाकर अपना जीवन यापन करते थे। एक सामाजिक संगठन होने के नाते हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि समाज के इन परिवारों तक मदद पहुंचाई जाए। मैं श्री राजा जी व एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रन सिंह परमार जी के मार्गदर्शन में धीरे- धीरे लोगों को मदद करने की ओर अग्रसर हूँ। और जितना जो कुछ अभी तक समिति के द्वारा बन पड़ा है, किया भी जा चुका है। मैं इस अपील के साथ निवेदन करता हूँ कि जो जिससे जितना जिस रूप में मदद कर सकते हैं, करें। अभी तक जो साथी जिस भी रूप में मदद किए हैं उनका एवं उनके परिवार व अपने समाज एवं घर छोडकर मदद कार्य में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों का खुले मन से सम्मान करता हूँ। और आगे भी सहयोग कि अपील करता हूँ।

निर्भय सिंह
सचिव
मानव जीवन विकास समिति
कटनी, मध्य प्रदेश +919425157561

प्रिय साथियों,
अभी सारा संसार एक बहुत ही मुश्किल घड़ी से गुज़र रहा है। यही वह समय है जब हम युवा साथी अपनी-अपनी ऊर्जा एकत्रित कर एकजुट हो जाएँ। हमें दोनों पीढ़ियों का बराबर ध्यान रखना होगा। जितना ध्यान वृद्धों का उतना ही और उससे कहीं ज्यादा ध्यान अपने आस पास के बच्चों का रखना होगा। यह उनके लिए भी बड़ी मुश्किल का दौर है। मैंने देखा है किस तरह लड़खड़ाते, रोते बिलखते, भूखे पेट, बच्चे अपने मजदूर माता-पिताओं के साथ अपने गाँव की ओर चले जा रहे हैं। शहर के बच्चों में भी कोई ज्यादा फर्क नहीं है। वो कितने दिनों से घर के भीतर हैं। उन्हें बाहर जाना है। अपने दोस्तों से मिलना है। उनके साथ खेलना है। अपनी पसंद का खाना खाना है। सभी अभिभावकों से भी मेरी एक अपील है कि इस मुश्किल के दौर में बच्चों का खास ध्यान रखें। उनकी मांगों पर अपना धेर्य न खोएँ। उन्हें सुने और समझने की कोशिश करें। प्रेम बरकरार रखें। बस यही एक छोटी से गुजारिश है आप सभी से ।

मुदित श्रीवास्तव
यूथ फैलो
जय जयत 2020
भोपाल, मध्य प्रदेश
+919667756473